हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in वेबसाइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

क्र. 1267/परीक्षा/पी–एचडी./कोर्सवर्क/2021 दुर्ग, दिनांक 11/10/2021

//अधिसूचना//

पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2021

विश्वविद्यालयीन अध्यादेश क्रमांक–45 के प्रावधानानुसार पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा **2021** आयोजन अधिसूचना एतद द्वारा निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है –

1. विश्वविद्यालय द्वारा पी–एच.डी. **(Ph.D.) कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा ऑफलाईन माध्यम से दिनांक 27.10.2021 दिन बुधवार को समय प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक परीक्षा केन्द्र–सेंट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई में आयोजित की जाएगी ।**

2. परीक्षार्थी प्रातः 10:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

3. परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त एक पहचान पत्र यथा–पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधारकार्ड/वोटर आई.डी. आदि लाना अनिवार्य है।

4. जिन परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय में अब तक नामांकन (Enrollment) आवेदन नहीं किया है वे परीक्षा तिथि के पूर्व नामांकन हेतु ऑफलाईन आवेदन जमा कर विश्वविद्यालय के पी–एच.डी. शाखा से नामांकन नंबर अवश्य प्राप्त कर लेवें। नामांकन नंबर नहीं होने के स्थिति में संबंधित परीक्षार्थी का परिणाम जारी नहीं किया जायेगा। जिनके पास नामांकन नंबर है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

5. प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.durguniversity.ac.in – Quick Links – Admit Card Ph.D. Coursework Exam-2021 पर जाकर दिनांक 12.10.2021 से डाउनलोड कर सकते हैं।

6. पी–एच.डी. कोर्सवर्क से संबंधित लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्नों से युक्त कुल 100 अंकों की होगी। जिसमें दो भाग होंगे। प्रथम भाग में अनुसंधान की प्रविधि, प्रकिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग से संबंधित 35 प्रश्न एवं द्वितीय भाग में शोध एवं प्रकाशन नैतिकता से संबंधित 15 प्रश्न पूछे जायेंगे।

7. यूजीसी के नियमानुसार शोधार्थी को कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

क्रमशः 02

8. विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक 45 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधानानुसार ऐसे शोधार्थी जिन्होंने एम.फिल की परीक्षा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से उत्तीर्ण की हो एवं उक्त एम.फिल की अंकसूची में रिसर्च मैथडोलॉजी एक अनिवार्य प्रश्नपत्र के रूप में लिया हो एवं जिन्हें विभागीय शोध उपाधि समिति (डी.आर.सी.) द्वारा नियमों को ध्यान में रखते हुए कोर्सवर्क परीक्षा से छूट प्रदान किया गया हो, केवल ऐसे ही शोधार्थी पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा से छूट हेतु पात्र होंगे।

9. पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा प्रणाली

परीक्षा पद्धति – पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) होंगे।

प्रश्न	अंक	विवरण
01 से 35 प्रश्न	35 × 02 = 70 अंक	प्रथम भाग – अनुसंधान की प्रविधि, प्रकिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग
36 से 50 प्रश्न	15 × 02 = 30 अंक	द्वितीय भाग – शोध एवं प्रकाशन नैतिकता
कुल = 50 प्रश्न	**50 × 02 = 100 अंक**	**कुल 100 अंक में 55 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।**

10. पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2021 निम्नलिखित विषयों के लिये आयोजित होगी –

1. हिन्दी	6. अंग्रेजी	11. भौतिकी	16. प्राणीविज्ञान
2. इतिहास	7. राजनीति विज्ञान	12. वनस्पति विज्ञान	17. शिक्षा
3. भूविज्ञान	8. गणित	13. वाणिज्य	18. भूगोल
4. माइक्रोबायोलॉजी	9. बायोटेक्नोलॉजी	14. समाजशास्त्र	19. मनोविज्ञान
5. गृह विज्ञान	10. अर्थशास्त्र	15. रसायन शास्त्र	

11. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। सभी परीक्षार्थियों के लिए मास्क अनिवार्य है। बिना मास्क के परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षार्थियों को काले/नीले बॉल प्वाईंट पेन, सेनेटाईजर, पानी की पारदर्शी बोतल रखने की अनुमति होगी।

12. परीक्षा संबंधी किसी भी विवाद पर कुलपति महोदया, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 1268/परीक्षा/पी–एचडी./कोर्सवर्क/2021 दुर्ग, दिनांक 11/10/2021

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित शोध केन्द्र/परीक्षा केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, समस्त विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ ।
4. पी–एच.डी. शाखा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सूचनार्थ ।
6. मेसर्स, लर्निंग स्पाईरल प्रा.लि., हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर, दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. सम्पादक, समस्त क्षेत्रों के समाचार पत्रों को सूचनार्थ ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)